हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 21 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 कराते प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बंटोरे ...



12 स्वच्छता ही सेवा अभियानः महामाया तालाब की ...





# जिले में 33 दिनों से बेपटरी हुई स्वास्थ्य सेवाएं हुई बहाल, मिली राहत

## मुख्यमंत्री के दखल के बाद एनएचएम अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल हुई समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

33 दिनों जिले में बेपटरी हुई स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पटरी पर लौट आई। एनएचएम कर्मियों की 33 दिनों से जारी हड़ताल समाप्त होने की घोषणा शुक्रवार को मुख्यमंत्री की दखल के बाद देर रात की गई। बता दें कि हड़ताल को लेकर लगातार दो बार बातचीत फेल होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने हड़तालियों को 24 घंटे में काम पर न लौटने पर बर्खास्तगी का अल्टीमेटम दिया था। जिलाध्यक्ष खूंटे ने बताया कि एनएचएम कर्मियों की 10 में से 2 मांगें सीआर का मूल्यांकन, मेडिकल अवकाश मान ली गई है। इसके अलावा 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा, ग्रेडपे का निर्धारण,अनुकंपा नियुक्ति,स्थानांतरण नीति, 27 फीसदी वेतन वृद्धि की प्रक्रिया शुरू होगी और संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर ,नियमित भर्ती में आरक्षण की मांग का निर्णय केन्द्र से होगा। जिसके बाद हड़ताल समाप्ति का निर्णय लिया गया।

### यह मांगें हुई पूरी

पांच लाख तक कैशलेश चिकित्सा बीमा सुविधा, 30 दिनों का सवैतनिक चिकित्सा अवकाश, जुलाई 2023 से 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि, वार्षिक कार्य मूल्याकन में पारदर्शिता। वहीं अन्य मांगों संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्त पर कमेटी बनाकर तीन महीने में रिपोर्ट सौंपेगी। एनएचएम कर्मचारी संघ के ड्यूटी ज्वाइन करते समय महासमुंद विधायक राजू सिन्हा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुंचे और आश्वत किया कि कर्मचारी के हित में शासन द्वारा निर्णय लिया जाएगा। डॉ वीपी सिंह डीएचओ, डॉ सीपी चंद्राकर, डॉ घनश्याम साहू का भी सराहनीय सहयोग रहा



### यह भी रहे मौजूद

इस दौरान कर्मचारी डॉ मधुराज देवांगन, बीएल मिश्रा, लक्ष्यमेंद्र सिन्हा, एकेश्वर शुक्ला, उत्तम श्रीवास, जयकांत विश्वकर्मा, परमेश्वर सेन, प्रवीण नगदेव, कोमल साहू, आशीष नंद, हिरेंद्र कर, कमला तांडी, देवकुमार डडसेना, दुधेश पटेल, अंशुमन चंद्राकर, गेवेंद्र नोरंगे, मीनाक्षी टकसाले, मुकेश निषाद, सुनील साहू, मेघा ताम्रकार, त्रिवेणी चक्रधारी, निर्मल साहू, ओकर पाठक, रवि शंकर काश्यकर, रामप्रसाद दीवान, टेकलाल नायक समेत सभी कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव का आभार जताया।

### कर्मचारी ने की ड्यूटी ज्वाइन

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आव्हान पर जिला ईकाई महासमुंद के एनएचएम कर्मचारी अपने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर गत 33 दिनों तक जिले के 550 कर्मी हड़ताल पर रहे। विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करते रहे। जिला प्रवक्ता एवं सलाहकार डॉ देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि इस बीच स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य संचालक से कई दौर की बातचीत होती रही। शुक्रवार रात स्वास्थ्य मंत्री से छः मांगों पर सहमति बनने के पश्चात देर रात प्रांताध्यक्ष डॉ अमित मिरी द्वारा हड़ताल स्थगित करने का निर्देश दिए गए। हड़ताल स्थगित करने की सूचना पर समस्त एनएचएम कर्मचारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय महासमुन्द पहुंच कर 20 सितंबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई।

## खबर संक्षेप



### मारपीट के मामले में चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में चार आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पवन सोनवानी ने बताया कि 15 सितंबर की रात करीबन 11 बजे उसने अपने घर की छत से देखा कि जूना तालाब के सरकारी शौचालय के पास कुछ लोग गाली गलौज कर रहे हैं। वहां जाकर देखा तो पता चला किदिनेश, भूषण, सुभाष ,दीपक और अन्य लोग नशे में थे एवं गाली गलौच कर रहे थे। जिन्हें उसने मना किया, लेकिन वे लोग नहीं माने। जब वह पारा की ओर से घूमकर अपने घर वापस जा रहा था तभी से पीछे से मोटर सायकल में दिनेश, भूषण, सुभाष, दीपक आये और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** ट्रक की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा भानपुर निवासी अजय ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई है कि सुबह वह अपने दुकान में था, तभी उसे सूचना मिली उसके पड़ोसी शिवलाल मिर्धा का विश्वा ढाबा के पास एक्सीडेंड हो गया। सूचना मिलने के बाद जब उसने विश्वा ढाबा के पास जाकर देखा तो उसका पडोसी शिवलाल मिर्धा घायल अवस्था में पड़ा हुआ था, वहीं कुछ दूर में बल्कर ट्रक खड़ी थी। उसी समय डायल 112 वाहन आयी और घायल शिवलाल मिर्धा को इलाज के लिए बागबाहरा अस्पताल लेकर गये। जहां डाक्टर द्वारा शिवलाल मिर्धा की मौत हो जाना बताया गया। इसके बाद उसने ढाबा के पास जाकर लोगों से पूछताछ किया। तब लोगों ने बताया कि बल्कर ट्रक क्र. सीजी 07 सीएल 8455 खरियार रोड की तरफ से आ रहा था, जिसके चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर रोड क्रास कर रहे शिवलाल मिर्धा को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसको गंभीर चोटें आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जांच की मांग : घुटनों के बल मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या कर फांसी लटकाने का आरोप

# मजदूर दलाल के दफ्तर में संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/पिथौरा

- मजदूर दलाल मृतक को तीन दिन तक बंधक बनाकर रखा, मिली लाश

नगर में शुक्रवार को एक ईंट भट्ठा संचालक के कार्यालय में 45 वर्षीय मजदूर जलंधर यादव का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव घुटनों के बल जमीन पर मिला और फंदा खिड़की से बंधा था। मृतक के परिजनों ने भट्ठा संचालक और उसके साथियों पर अपहरण और हत्या कर लाश को फांसी पर लटका कर पुलिस को गुमराह किए जाने का आरोप लगाया।

मृतक जलंधर यादव मूल रूप से बलौदाबाजार जिले के ग्राम कौहाबाहरा (रायतुम) का निवासी था। फिलहाल वह अपनी मां, पत्नी और तीन बच्चों के साथ अपने मामा घर पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में रह रहा था। मृतक की मां सुलोचना यादव आगनबाड़ी में सहायिका पद पर पदस्थ हैं और एक माह पूर्व लकवा ग्रस्त हो गई थीं। जिसके चलते उनकी देखभाल के लिए ही जलंधर किशनपुर में अस्थायी रूप से रह रहे थे।

मृतक की पत्नी अंजलि यादव ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान बताया कि 17 सितंबर को ईंट मजदूर दलाल नरेंद्र राजपूत और उसके भाई घनश्याम राजपूत के चार गुर्गे उनके घर पहुंचे और जलंधर को जबरन कार में बैठाकर अपने साथ ले गए। इनमें से दो बदन सिन्हा ग्राम छतवन और हीरालाल यादव ग्राम पिलवापाली निवासी को वह पहचानती है। मृतक की पत्नी का कहना है कि जलंधर को जंघोरा मार्ग स्थित भट्ठा ऑफिस ले जाया गया, जहां उसे तीन दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। इसके बाद 19 सितंबर की शाम करीब चार बजे उसका शव ऑफिस के कमरे में संदिग्ध हालात में खिड़की से बंधे फंदे पर लटका मिला। एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने कहा है कि फांसी पर लाश लटके पाए जाने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस से सभी तथ्यों की बारीकि से जांच की और जांच के दौरान जो सुराग सामने आएंगे और पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।





### 40 हजार लिए थे एडवांस, 80 हजार मांग रहा था मजदूर दलाल

अंजलि यादव ने आगे बताया कि पिछले वर्ष उनके पति जलंधर यादव ने ईंट भट्ठा जाने के लिए मजदूर दलाल नरेंद्र राजपूत से 40 हजार रुपये एडवांस लिए थे। लेकिन, काम पर नहीं जा पाने के कारण वह रकम चुका नहीं पाया। आरोप है कि भट्ठा संचालक ने इस रकम पर ब्याज जोड़कर उससे 80 हजार रुपए की मांग शुरू कर दी। इसी विवाद के चलते जलंधर को जबरन ऑफिस ले जाया गया और उसकी जान लेने के बाद उसे फांसी से लटका दिया गया। यह तथ्य भी सामने आए हैं कि मजदूर द्वारा रकम लेने के बाद काम पर नही जा रहा था।

### आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन

वहीं मृतक के परिजन आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे और पिथौरा थाना के सामने सड़क पर प्रदर्शन भी किया। पुलिस प्रशासन द्वारा समझाइश देने के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए महासमुंद से फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा के तीन डॉक्टरों की टीम ने मृतक का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### 40 हजार रुपए बना मौत की वजह

इस घटना ने एक बार फिर ईंट भट्ठा उद्योग में मजदूरों के शोषण और बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथाओं की ओर ध्यान खींचा है। अक्सर गरीब मजदूर अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भट्ठा मालिकों से 'पेशगी' के नाम पर मोटी रकम एडवांस ले लेते हैं। बाद में जब वे काम पर नहीं जा पाते या रकम नहीं चुका पाते, तो भट्ठा सरदार मनमाना ब्याज लगाकर उन पर दबाव बनाते हैं। जलंधर यादव का मामला भी इसी शोषण की एक दुखद कड़ी है, जहाँ 40 हजार की मामूली रकम के बदले उसे अपनी जान गंवानी पड़ी।

### जलंधर की मौत त्रासदी नहीं, मजदूर वर्ग की पीड़ा का प्रतीक है: डॉ. रश्मि



कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि महासमुंद जिले के पिथौरा थाना अंतर्गत एक मजदूर दलाल के निवास में मृतक जलंधर यादव पिता संपत यादव ग्राम कौवहाबाहरा जिला बलौदा बाजार निवासी का शव तालाबंद कमरा अंदर छोटे से खिड़की में लटका हुआ पाया गया है। मजदूर जलंधर यादव की मौत केवल एक व्यक्ति की त्रासदी नहीं है, यह पूरे मजदूर वर्ग की पीड़ा का प्रतीक है। हर साल हजारों मजदूर इसी तरह दलालों के जाल में फंसकर अपने जीवन और भविष्य से हाथ धो बैठते हैं।

### शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने शराब जब्ती के मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बागबाहरा-तेंदूकोना मुख्य मार्ग, शराब भट्ठी जाने का मोड, सिलापडेरा, बागबाहरा के पास स्कूटी वाहन क्र. सीजी 06 एचबी 8826 में सवार आरोपी सतीश ठाकुर पिता भुवन लाल ठाकुर (20 साल) लालपुर, वार्ड नं0 07, बागबाहरा तथा गोपाल राउत पिता हलधर राउत, (67 साल) वार्ड नं0 09, करोपारा, बागबाहरा के संयुक्त कब्जे से 85 पौवा देशी प्लेन शराब, कीमत करीबन 6800 रु. और स्कूटी को जब्त किया है। बागबाहरा ने एक अन्य मामले में ग्राम मुनगासेर में आरोपी बिरझुराम धीवर पिता मंशाराम धीवर (71 वर्ष) निवासी मुनगासेर के कब्जे से 30 नग रोमियो देशी प्लेन शराब पौवा कीमत 2400 रु. एवं 4 पौवा गोल्डन गोवा सुर्पियर व्हिस्की कीमत 480 रूपये कुल कीमत 2880 रु. को जब्त किया है इधर बसना पुलिस ने ग्राम तोषगांव से ग्राम गढफुलझर जाने का मार्ग तालाब के सामने मेन रोड से आरोपी तेजराम रत्नाकर पिता दुष्टीराम रत्नाकर (40 साल) के कब्जे से कुल 15 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रु. रु.को जब्त किया है, वहीं भंवरपुर चौकी पुलिस ग्राम हरदा नवागांव मेन रोड के पास आरोपी नंदकुमार यादव पिता चैतराम यादव (30 वर्ष) हरदा के कब्जे से कुल 07 लीटर शराब कीमत 1400 रु. जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की। इधर सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी इरफान खान पिता युसूफ खान (21 साल) निवासी वार्ड नं 03 स्टेशन पारा बेलसोंडा के कब्जे से 40 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 4000 रु. एवं नगदी बिक्री रकम 250 रु. पाये जाने से आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की।

## मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप





**तेंदूकोना।** शारदेय नवरात्र पर्व अब एक ही दिन शेष है। पर्व को मनाने के लिए तैयारी पूरे जोश से चल रही है। समितियां पंडालों को सजाने में जुटी हुई है। मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी कड़ी में क्षेत्र के दाबपाली निवासी युवा मूर्तिकार सुरेंद्र चक्रधारी मां जगदंबे की प्रतिमा को अंतिम रूप देते हुए।

## गांजा परिवहन, आरोपियों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** गांजा के अवैध परिवहन के मामलों में जिले के अलग-अलग थानों में कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि परसकोल चौक बंसुला में आरोपी सागर वर्मा पिता गजाधर वर्मा (23 साल) जलसो थाना कोनी जिला बिलासपुर तथा एक विधि से संघर्षरत बालक के संयुक्त कब्जे के एक लाल रंग की मोटर सायकल बिना नंबर 9.750 किलोग्राम गांजा कीमत 1,00,000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इधर सिटी कोतवाली पुलिस ने नयापारा रेलवे फाटक महासमुंद पहुंच कर आरोपी जगबंधु साहू पिता त्रिलोचन साहू (39 वर्ष)निवासी ग्राम कांटाबांझी वार्ड क्र 01 धोबी पारा जिला बलांगीर (ओडिशा) के कब्जे से कब्जे 3 किग्रा गंजा कीमत 30,000 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तारी की गई।

कोतवाली ने सार्वजनिक स्थल पर गांजा पी रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने वार्ड नं 16 शीतला पारा तालाब पार महासमुंद पहुंच कर आरोपी दिलीप राजपूत के कब्जे से तीन कागज का पुड़िया में मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ कुल 15ग्राम और बिना इस्तेमाली चोंगा बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की।

इसी तरह महासमुंद पुलिस ने ग्राम बेलसोंडा मिडिल स्कूल के पीछे नीम पेड़ के नीचे पहुंच आरोपी रोहित सेन पिता स्व. संतू सेन (35 साल) निवासी वार्ड नं. 7 बेलसोण्डा के कब्जे से 900 ग्राम गांजा कीमत 9,000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख)(II)(अ) के तहत कार्रवाई की गई।

सरायपाली पुलिस ने आरोपी मोहसिन खान उम्र 33 वर्ष ताजनगर झिलमिला के कब्जे से उसके मकान में रखा गांजा कुल वजन 362 ग्राम रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह सरायपाली पुलिस ने दर्राभांठा मोड़ सारंगढ़ रोड से आरोपी महादेव भोई के कब्जे से 152 ग्राम गांजा कीमत 3000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा - 20 (ख) (2)ए नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गांजा जब्ती के तीसरे मामले में सरायपाली पुलिस ने घंटेश्वरी मंदिर सरायपाली के पास आरोपी दशरथ निर्मलकर पिता शोभन निर्मलकर (29 वर्ष) रोहिना के कब्जे से 1.052 किलोग्राम गांजा, कीमत 20000 रुपए को जब्त कर धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

इसी तरह कोमाखान पुलिस ने टेमरी नाका के पास आरोपी धरनी विभार पिता भेंडी विभार (48 साल) निवासी मालीझर पोस्ट रिग्दुल थाना टिटलागढ़ जिला बलांगीर ओडिशा के कब्जे से 8 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,20,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## नगर के श्रीराम मंदिर में तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

# कलश शोभायात्रा के साथ कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शोभायात्रा में अनेक भाजपा पदाधिकारी हुए शामिल

स्थानीय गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में कलश शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। 20 से 22 सितंबर तक होने वाले इस आयोजन के प्रथम दिवस कलश शोभायात्रा की शुरुआत भाजपा प्रदेश के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने, महासमुंद विधायक राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी सहित आयोजनकर्ताओं की उपस्थिति में हुई।

कलशयात्रा में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने श्रीरामजानकी मन्दिर से मां महामाया मन्दिर, विठोबा टाकीज, नेहरू चौक से गांधी चौक तक शहर के प्रमुख मार्गों में जयकारे और सनातनी नारो के साथ शोभायात्रा पूर्ण किया। कथावाचक भूषण रोहित मोड़े द्वारा विधिविधान से पूजा अर्चना कर ज्ञान गद्दी में अनंत विभूषित भगवान जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य की वंदना के साथ ज्ञानकथा का विधिवत शुभारंभ किया।

कथा के दौरान प्रवचनकार भूषण रोहित मोड़े ने कहा कि बिखरे हुए हिंदुओं को संगठित करने के साथ सनातन धर्म की रक्षा के लिए भगवान जगद्गुरु रामानन्दाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य की प्रेरणा से श्रीकथा ज्ञान यज्ञ, हिन्दू धर्म की रक्षा के जनजागरण का महाभियान है, हिंदुओं की एकता के साथ मानवता का ज्ञान बोध कराने के उद्देश्य से यह वृहद आयोजन महासमुंद की पावनधरा पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे आराध्य देव भगवान श्रीराम के मंदिर प्रांगण में होने की वजह से यह आयोजन और गरिमामयी हो गई है। इस आयोजन से जुड़े हुए समिति के सभी सक्रिय सदस्यों और क्षेत्र के श्रद्धालु साधुवाद के पात्र है, जिनके अथक प्रयास से हम सनातन धर्म की रक्षा के लिए एकजुट हुए है। कथा का उद्देश्य बताते हुए प्रवचनकार ने मानवता का संदेश के साथ मानवजाति के सुख समृद्धि और सुखी जीवन के लिए इस तरह के धार्मिक और आध्यत्मिक आयोजन आवश्यक है। हिन्दू धर्म के बिखराव और धर्म परिवर्तन को रोकने जगद्गुरू ने अपना जीवन समर्पित किया है। हम सभी मिलकर उनके संदेश को जन जन तक पहुंचाएंगे, ये संकल्प हमें लेना है। हिन्दू धर्म खतरे में है ये कहा जाता रहा है। मगर, धर्म की रक्षा के लिए हमें अपना तन मन और सेवा समर्पण का भाव और कार्य समाज की रक्षा के लिए देना होगा। धर्म और सम्प्रदाय के अनुसार पूजा पद्धति में भिन्नता हो सकती है। मगर मानवकल्याण के लिए सभी को एकजुट रहना ही होगा। दूसरे दिन कथा श्रवण का लाभ लेने का आह्वान करते हुए आयोजनकर्ताओं ने नागरिकों से की है। संध्या पूजा आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ कथा के प्रथम दिवस को विराम दिया गया।



इस दौरान प्रमुख रूप से घनश्याम माहेश्वरी, पवन पटेल, बद्रीनाथ महेश्वरी, मनीष शर्मा, मुन्ना साहू, कृष्ण दास महाराज, हर्ष चंद्राकर, पीयूष साहू, मंगेश, रोहित चंद्राकर, शरद मराठा, मोहनी शर्मा, भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी राजू चंद्राकर, श्वेता गुप्ता, ताराचंद चांडक आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नेत्र परीक्षण शिविर, ली गई स्वच्छता की शपथ

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन हितग्राहियों का नेत्र परीक्षण एवं श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर अनेक हितग्राहियों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने विधायक राजू सिन्हा सहित नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व अध्यक्ष पवन पटेल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, डॉ. स्मृति देवांगन, सीएमएचओ डॉ. आई नागेश्वर राव, मेडिकल अधीक्षक डॉ. बसंत महेश्वरी मौजूद थे। इस अवसर पर महतारी वंदन हितग्राहियों का शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में वृहद नेत्र परीक्षण किया गया। जहां लगभग 150 महिला हितग्राहियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय सलाह तथा दवाई और चश्मा निःशुल्क प्रदान किया गया।

### 90 विधानसभा के लिए प्रभारियों की हुई नियुक्ति

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी का प्रदेश में संगठन विस्तार जारी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि प्रदेश में अगले विधानसभा चुनावों में अभी 3 साल से ज्यादा का समय बाकी है। लेकिन, हमारी पार्टी का संगठन विस्तार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और पार्टी ने अभी से ही प्रदेश की सभी 90 विधानसभा के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश के सभी बड़े नेताओं को जमीन पर काम करने के लिए लगाया गया है और इसके लिए व्यापक तैयारी भी की गई है। प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल और प्रदेश संगठन महासचिव देवलाल नरेटी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर बताया कि चरणबद्ध तरीके से पूरे चुनाव तक का कार्यक्रम हमे मिला हुआ है। विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति होने पर प्रदेश के सभी विधानसभा के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

### आदि योगी केंद्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान जिले में 2 अक्टूबर तक लगातार संचालित होगा। इसी क्रम में जिले के आदि योगी केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे पहुंचे तथा उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ लिया। विखं बागबाहरा अंतर्गत बुंदेली, बसना अंतर्गत बिलखंड, पिथौरा अंतर्गत मुढ़ीपार एवं सरायपाली अंतर्गत खैरमाल आदि योगी केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में मुख्य रूप से महिलाओं का ब्लड प्रेशर, डॉयबिटीज़ की जांच की गई।

# कराते प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बंटोरे अनेक पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मुंबई में 12 से 14 सितंबर को आयोजित एशिया कप इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता में टीम इंडिया से महासमुंद के 15 खिलाड़ियों ने मेडल बंटोरे। इनका मुकाबला जापान, थाईलैंड, मलेशिया, इटली, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल जैसे विभिन्न देशों के खिलाड़ियों से हुआ।

इंडियन कराते टीम से महासमुंद के मास्टर नीलकंठ साहू का मुकाबला सीनियर ग्रेड फाईट में जापान थाईलैंड और भूटान के खिलाड़ियों से हुआ। वहीं रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल से ईशान साहू गोल्ड मेडल, कुशाग्र गायकवाड़ गोल्ड मेडल, क्युरो स्कूल से निकुंज कुमार साहू गोल्ड मेडल, गुड शेफर्ड स्कूल से तुषार डडसेना गोल्ड मेडल, महर्षि स्कूल से सौरभ ध्रुव गोल्ड मेडल, प्रांजल साहू झलप स्कूल, घनश्याम सागर सिल्वर मेडल, रोहित ध्रुव सिल्वर मेडल, आत्मानंद इंग्लिश स्कूल तुमगांव से हिमांशु देवांगन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साथ ही रीता खुशी साहू ने सीनियर ग्रेड में जोरदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं बम्हनी हाई स्कूल से फमेश्वरी सिन्हा गोल्ड मेडल, मुस्कान साहू गोल्ड मेडल, आशीबाई गोलछा स्कूल से डिंपल गोस्वामी ने गोल्ड मेडल, बसना स्कूल से पल्लवी साहू सिल्वर मेडल प्राप्त कर जिले सहित देश का नाम रोशन किया।

नीलकंठ साहू ने बताया कि प्रतियोगिता वर्ल्ड कराते फेडरेशन के मानक मापदंडों पर संपन्न हुई, जो कि काफी रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा। फिर भी खिलाड़ियों ने जोरदार मुकाबला करते हुए 12 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आगे इनका चयन ग्लोबल कप एवं श्रीलंका में होने वाले इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता के लिए हुआ है।



### लंबर स्कूल में लिया स्वच्छता के लिए शपथ

**सरायपाली।** दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में स्वच्छता पखवाड़ा अxतर्गत द्वितीय दिवस बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया। स्वच्छता शपथ प्राचार्य जीपी पटेल द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। जिसमें स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिये समय देने, हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह में दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के उस संकल्प को चरितार्थ करने। न गंदगी करने और न ही किसी को गंदगी करने देने की बात कही गई। कार्यक्रम में जेके जायसवाल, बीएल साहू, एमडी मानिकपुरी, सीआर जायसवाल, एलके साहू, एलके सिदार, टीआर जायसवाल, डीडी श्रीवास, एफएस बरिहा, खिरोद्र सिदार, सृष्टि राणा शाला नायक, विद्या साहू छात्रा प्रतिनिधि, समस्त छात्रसंघ विक्की पटेल एनएसएस दल नायक , दीपा जायसवाल दल नायिका एवं समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आरके पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

### सेवा पखवाड़ा के तहत महामाया तालाब में की गई साफ सफाई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के तहत ₹स्वच्छता ही सेवा₹ अभियान 2025 कार्यक्रम में महामाया तालाब की सफाई नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी पार्षदगण पीयूष साहू, राहुल आवड़े एवं सफाई दीदियां मित्र एवं सफाई प्रभारी द्वारा की गई। गणेश विसर्जन की मूर्तियों से तालाब भर गया। जिसे सफाई कर्मचारियों के साथ बाहर निकाला गया। तालाब के पार कीचड़, गंदगी की सफाई की गई। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद ने कहा कि तालाब की सफाई रखने का जिम्मा उपयोग करने वाले नागरिकों का भी है, वे तालाब में गंदगी ना फैलाएं। फूलों के विसर्जन के लिए अलग से कुंड है, जिसका उपयोग करें। तालाब में ना फेंके। साथ ही सफाई प्रभारी को निर्देश दिया गया कि इस स्वच्छता पखवाड़ा के प्रतिदिन की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी जाए, जिससे जनप्रतिनिधि आम नागरिक भी श्रमदान का हिस्सा बन सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सफाई पखवाड़ा में उपस्थित रहना होगा। वे नदारद है सफाई मित्रों एवं दीदियों के साथ नगरपालिका के अधिकारी भी पहुंचे, ऐसी अपेक्षा उपाध्यक्ष ने की है। साथ ही नगर पालिका से सफाई में जुड़ने वालों का आभार भी व्यक्त किया गया। नगर पालिका से साफ सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर, मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नवशाद बक्श, पार्षद राहुल आवड़े, सफाई प्रभारी जीतू सोनी, गोपाल सोना, रमा महानंद, मधु बेहरा, टिकेश्वरी मिरी, हेमसिंह ध्रुव सहित सफाई कर्मचारीगण, सफाई मित्र एवं दीदियां उपस्थित थी।

### बिरकोनी में पोषण एवं खट्टी में बाल संदर्भ शिविर लगा

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा, रजत जयंती वर्ष एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले में विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बिरकोनी में पोषण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गर्भवती, शिशुवती महिलाएँ और किशोरी बालिकाएँ सहित 65 महिलाएं उपस्थित रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी अजय साहू ने महिलाओं को कुपोषण और एनीमिया से बचाव संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शिशु जन्म लेने के लिए महिलाओं का एचबी स्तर 11 ग्राम से अधिक होना आवश्यक है। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन, आयरन, कैल्शियम एवं फोलिक एसिड की गोलियाँ समय पर लेने और आंगनवाड़ी से मिलने वाले रेडी टू ईट का उपयोग करने पर बल दिया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक अपर्णा वास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उपलब्ध 36 प्रकार की भाजी का नियमित सेवन एनीमिया की 70 प्रतिशत समस्या को दूर कर सकता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फल व सब्जियों के महत्व को बताया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खट्टी में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत बाल संदर्भ शिविर आयोजित किया गया। इसमें 25 गंभीर कुपोषित बच्चों की जाँच की गई और 5 बच्चों को बेहतर उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र रेफर किया गया। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव पांडेय, परियोजना अधिकारी अपर्णा श्रीवास्तव, पर्यवेक्षक दीपमाला तारक, अफसरी कुरैशी मौजूद रहे।

# व्याख्याता ज्योति किरण को मिला राज्यपाल शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के आशीबाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में पदस्थ डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर (व्याख्याता रसायन) को शिक्षक दिवस पर राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राज्यपाल शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम राजधानी रायपुर के राजभवन के मंडपम दरबार हाल में हुआ। राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में जिले से राज्यपाल पुरस्कार 2024 25 के लिए दो शिक्षक डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर व्याख्याता (रसायन शास्त्र) आशीबाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद और जगदीश सिन्हा (व्याख्याता रसायन शास्त्र) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलसोडा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ज्योति चंद्राकर ने इंस्पायर अवार्ड, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान प्रदर्शनी और विज्ञान के विभिन्न गतिविधियों में बच्चों का मार्गदर्शन सदैव किया है। उनके मार्गदर्शन में बनी विज्ञान नाटिका व विज्ञान प्रोजेक्ट का चयन पश्चिम भारत विज्ञान मेला मुंबई में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ। बच्चों को विज्ञान से जोड़ने के लिए किए गए उनके प्रयासों व गतिविधियों के लिए उन्हें राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जगदीश सिन्हा को जनसहभागिता से विद्यालय में डिजिटल कक्षा कमरा तथा सीसीटीवी कैमरा युक्त शाला परिसर को बनाने के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया।

इनकी इस उपलब्धि पर पूर्व प्राचार्य डॉ. साधना कसार, जेएल साहू राज्य विज्ञान समन्वयक, आरके श्रीवास्तव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, सदस्य आनंद गिरि गोस्वामी, महेश मक्कड, नानू भाई, नीलम दीवान, सुधा साहू ने हर्ष जताया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति को लेकर बैठक

**महासमुंद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले को आबंटित सितंबर एवं अक्टूबर 2025 के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ नंदनवार ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले को प्राप्त दोनों माह के लक्ष्य शत-प्रतिशत समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि जिन आवासों का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें यथाशीघ्र आरंभ कराया जाए तथा सभी अपूर्ण आवासों का निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।

# फ्रॉम साइंस टू ग्लोबल एक्शन थीम पर मनाया गया विश्व ओजोन दिवस

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 16 सितंबर को फ्रॉम साइंस टू ग्लोबल एक्शन थीम पर विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि ओजोन क्षयकारी पदार्थों का उपयोग हमें कम करना चाहिए एवं अपने प्रकृति के प्रति अधिक सजग एवं सतर्क होने की आवश्यकता है।

प्रो. मनीराम धीवर ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। ओजोन परत क्षरण जैसे गंभीर समस्याओं के प्रति जागरूकता एवं व्यक्तिगत प्रयास अत्यंत आवश्यक है। प्रो. सरस्वती सेठ ने कहा कि ओजोन परत की खोज चार्ल्स फेब्रे और हेनरी बुएसन द्वारा 1913 में की गई थी। जीएमबी डॉबसन द्वारा इसके गुणों का विस्तार से पता लगाया गया। डॉबसन यूनिट वायुमंडल में ओजोन की गणना का एक पैमाना है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने ओजोन संबंधी अपने विचार व्यक्त किए।

एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अंजलि अग्रवाल ने बताया कि ओजोन परत पृथ्वी की सतह से लगभग 15 से 35 किलोमीटर ऊपर समताप मंडल में उच्च ओजोन सांद्रता वाला एक क्षेत्र है। यह परत एक अदृश्य ढाल की तरह काम करती है और सूर्य से आने वाले हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाता है। लंबे समय तक पराबैंगनी किरणों के संपर्क में रहने से त्वचा कैंसर, नेत्र रोग, कृषि क्षति एवं समुद्रीय पारिस्थितिक तंत्र को गंभीर खतरा हो सकता है। ओजोन परत क्षरण के लिए मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन जिम्मेदार है। इनका उत्सर्जन मुख्यतः रेफ्रिजरेटर, एसी एवं एरोसॉल स्प्रे से होता है। एक क्लोरीन मुक्त मूलक 1 लाख ओजोन मॉलिक्यूल को नष्ट कर सकता है। आरती मेहता एमएससी प्रथम सेमेस्टर ने कहा कि 1985 में विएना कन्वेंशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ ओजोन लेयर पर हस्ताक्षर किया गया। इसी कड़ी में 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल को अपनाया गया। यह पहला अंतरराष्ट्रीय समझौता था, जिसने ओजोन क्षयकारी पदार्थ के उपयोग एवं उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

## खल्लारी स्कूल में छात्राओं को बांटी गई निःशुल्क



**महासमुंद।** शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय खल्लारी में निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि येतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा तथा चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप आनंद साहू भाजयुमो ज़लि उपाध्यक्ष, पंकज चंद्राकर जिलाध्यक्ष एथलेटिक संघ, लोकेश पनुरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष खल्लारी, मंडल महामंत्री ताराचंद देवांगन, पुष्पेंद्र पप्पू साहू सरपंच ग्राम पंचायत खल्लारी, रमन वैष्णव अध्यक्ष शाला विकास प्रबंध समिति खल्लारी, नंद निषाद ग्रामीण सहकारी समिति अध्यक्ष खल्लारी, पदुम साहू ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झारा, भुनेश्वर लोधी सरपंच ग्राम पंचायत पाली, पूरन सबर, अनु. जनजाति अध्यक्ष खल्लारी, कुबेर यदु बूथ अध्यक्ष खल्लारी, कीर्तन साहू रैताल, कीर्तन साहू मंडल महामंत्री किसान मोर्चा, योगेश साहू युवा मोर्चा, लिलेश साहू युवा मोर्चा सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं प्राचार्य सविता चंद्राकर एवं समस्त शिक्षक /शिक्षिका स्टॉफ, ग्रामीण जन खल्लारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियानः महामाया तालाब की हुई सफाई



**महासमुंद।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद महासमुंद ने एक दिन एक घंटा एक साथ सफाई अभियान चलाया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के तहत शहर के प्रसिद्ध महामाया तालाब की सफाई की गई।

इस सामूहिक श्रमदान में नगर के जनप्रतिनिधि के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने मिलकर तालाब परिसर की सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। लोगों ने कहा जिस प्रकार से हम अपने घरों को स्वच्छ रखते हैं, उसी भावना से अपने मोहल्ले, सार्वजनिक स्थलों और पूरे शहर को भी साफ रखना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद राहुल आवडे ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाए और दूसरों को भी प्रेरित करे। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, जीतू सोनी, गोपाल सोना सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी, नागरिक उपस्थित थे।



### 13 स्कूलों के बीच हुई विविध स्पर्धा

**बागबाहरा।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल समाज बागबहरा ने बागबहरा की 13 स्कूलों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं 17 सितंबर को अग्रसेन भवन में कराई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल समाज के संरक्षक पवन सराफ एवं प्रकाश अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी स्कूलों से लगभग 173 प्रतियोगी इस चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगियों के साथ हर स्कूल से दो प्रभारी शिक्षक भी इस अवसर पर उपस्थित थे। अग्रवाल समाज के तरफ़ से राहुल, अभिषेक (सत्यम), अभिषेक (प्रभु ), विकास, संजय, दिनेश, पीयूष, डॉली, ज्योति, तृप्ति, अंचल, रुचि, शीतल, नीलम ने पूरी कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख किया। निर्णायक के रूप में अजय अग्रवाल एवं नितिन जैन कोमाखान से उपस्थित रहे।

### विशेष स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस जिले के खेल मैदान/खेल परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने में खिलाड़ियों के साथ, खेल संघों, व्यायाम शिक्षकों, प्राचार्य, सामाजिक संगठन, खेल से जुड़े नागरिक का सहयोग रहा। सभी ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वयं एवं समाज को प्रेरित किया।

### रजत जयंती पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खिलाड़ी आयुष एवं अभिषेक को दिया 50-50 हजार का चेक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं के तहत जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ियों लाभार्थियों को एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। यह राशि रजत जयंती के अवसर पर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में जमा की गई। रजत जयंती के अवसर पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निर्माण श्रमिकों के बच्चे हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना अंतर्गत महासमुंद जिले के विजय कुमार निर्मलकर के पुत्र आयुष निर्मलकर एवं अभिषेक निर्मलकर को 50-50 हजार रुपए का चेक वितरण किया गया। आयुष निर्मलकर पिता विजय कुमार निर्मलकर ने हैंडबॉल खेल में 45वीं जूनियर बालक नेशनल चैंपियनशिप विदिशा, मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व किया गया है। अभिषेक निर्मलकर पिता विजय निर्मलकर ने खेल मॉडर्न पेंटाथलॉन में 38 वीं नेशनल गेम्स उत्तराखंड 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व किया गया है, जिसके आधार पर श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 50 हजार का चेक वितरण कर लाभान्वित किया गया।

# विश्वकर्मा धर्म ही नहीं बल्कि ज्ञान, तकनीकी और सृजनात्मकता के प्रतीक : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित की गई। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ विमल चोपड़ा उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आज लोगों को भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शपथ दिलाई और खुद ने भी शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. चोपड़ा ने कहा कि वास्तु कला कौशल में सर्वश्रेष्ठ एवं सृष्टि के रचयिता, शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा सिर्फ एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि ज्ञान, तकनीक और सृजनात्मकता का भी प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से प्रेरित होकर हमें अपने हर काम को श्रद्धा और निष्ठा से करना चाहिए। ताकि, वह ईश्वर की उपासना बन सके और समाज के लिए उपयोगी हो।

डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है, और पूरा देश उनके इस विशेष दिन का जश्न मना रहा है। उनके नेतृत्व कौशल और दृढ़ संकल्प ने भारत को एक नई दिशा दी है, और उनकी उपलब्धियों ने देश को विश्व भर में एक नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युगपुरुष हैं, जिनके नेतृत्व में भारत में कई महत्वपूर्ण अभियानों की शुरुआत की गई है। जिनमें स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक अभियान शामिल हैं।

### विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में शरीक हुए चोपड़ा

**महासमुंद।** स्थानीय अपना मार्केट में छत्तीसगढ़ मेशन मजदूर संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विराजित की गई। भगवान विश्वकर्मा पूजा के दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. विमल चोपड़ा उपस्थित रहे। डॉ. चोपड़ा ने कहा विश्वकर्मा जयंती भारत में एक महत्वपूर्ण दिवस है, जो हर साल मनाया जाता है। यह दिन भगवान विश्वकर्मा को समर्पित है, जिन्हें हिंदू धर्म में निर्माण और सृजन का देवता माना जाता है। भगवान विश्वकर्मा को सोने की लंका के निर्माण करने का श्रेय दिया जाता है। विश्वकर्मा जयंती के दिन, लोग अपने औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से अपने काम में सफलता और समृद्धि की कामना करते हैं। यह दिन उत्पादन और राष्ट्रीय समृद्धि के लिए एक संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। विश्वकर्मा जयंती का महत्व न केवल भारत में नहीं, बल्कि अन्य देशों में भी इसका प्रभाव है। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य भगवान विश्वकर्मा को सम्मान देना और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना है। यह दिन हमें अपने कार्य में निष्ठा और समर्पण की महत्ता को याद दिलाता है। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जितेंद्र साहू भाजपा नेता, शरद मराठा प्रभारी आईटी सेल भाजपा, पार्षद पीयूष साहू, खेलावन यादव, अरविंद प्रहरे, सुरेंद्र यादव, रोशन बग्गा, गौरव राठी, अपना मार्केट के व्यापारीगण, मेशन मजदूर संघ महासमुंद के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा स्वच्छता अभियान के साथ मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ सेवा, स्वच्छता कार्य के साथ मनाया। भाजपा शहर मंडल द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बस स्टैंड, सब्जी मंडी क्षेत्र में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता कार्य पश्चात कार्यकर्ताओं ने शहर में स्थित महात्मा गांधी, डॉ आंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से महासमुंद विधायक राजू सिन्हा, बीज निगम आयोग के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, महामंत्री अग्रज शर्मा, मीना वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, मुन्ना लाल साहू, राजेंद्र चंद्राकर, सेवा पखवाड़ा संयोजक एम आर विश्वनाथन, सहसंयोजक पीयूष साहू, हिमांशु चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पार्षद पवन पटेल, माखन पटेल, भाऊ राम साहू, महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, अरविंद प्रहरे, गोविंद सिंह ठाकुर, माखन पटेल, मंत्री भगवती करकसे, नईम खान, शरद मराठा, हनीश बग्गा, रामेश्वर पटवा, समीर करकसे आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन चिन्हांकन शिविर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत सेवा पखवाड़ा

- 52 हितग्राहियों का पंजीयन कर किया गया चिन्हांकन, अश्विनी कुमार को मिला मोटराइज्ड ट्रायसायकल

2025 का शुभारंभ किया गया। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय खरोरा, महासमुन्द में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों के सम्मान के लिए प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, मूल्यांकन एवं चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक राजू सिन्हा ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात उन्होंने सेवा पखवाड़ा 2025 स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, बास्केट बॉल संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं संयुक्त संचालक, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक बसंत माहेश्वरी मौजूद रहे।

अवलोकन के दौरान विधायक राजू सिन्हा के अनुशंसा पर कुर्मीपारा निवासी अस्थिबाधित दिव्यांगजन अश्विनी कुमार चंद्राकर को समाज कल्याण विभाग द्वारा मौके पर ही विधायक सिन्हा के हाथों मोटराइज्ड ट्रायसायकल सौंपा। शिविर में कुल 52



हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें लाभान्वित करने हेतु चिन्हांकित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की नोडल अधिकारी सुनिता तिर्की, शाखा प्रभारी एपी द्विवेदी, जनपद पंचायत महासमुंद के समाज शिक्षा संगठक हेमराज सोनबेर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पथर्री में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम पथर्री में 17 सितंबर को धरती आबा अंतर्गत आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच मोरध्वज दीवान, जनप्रतिनिधि डायमंड कोसरे, पंच राजेंद्र कवर, मनोहर दीवान, (एसएचजी) धानबाई चौहान, सुशीला दीवान, (आरएचओ) निर्मला कोसरे, सचिव डुगेश्वर प्रसाद साहू, रोजगार सहायक जागेश्वर साहू, युवा कार्यकर्ता मुकेश दीवान, हेमलाल साहू, नवीन साहू, बिहारी लाल यादव, विवेकानंद दीवान, सहित ग्रामवासि उपस्थित थे।

### अमेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता 25 को

**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्र के अवसर पर संगी साथी युवा क्लब ग्राम अमेरा उखरा के तत्वावधान में 25 सितंबर गुरुवार को डींजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवकी नवल गायकवाड़, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रीतम चौधरी, विशेषअतिथि दुबेलाल साहू किसान मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष, नितिन जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान, रविंद्र राज सिंह ठाकुर, डा अरुण शुक्ला होंगे।



### आम सभा में किसानों का किया गया सम्मान

**नर्रा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 2024-25 के आय व्यय की जानकारी किसानों के समक्ष पठन कर प्रस्तुत किया। आम सभा में मुख्य रूप से प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल, लता कुम्हार जनपद सदस्य एवं किसान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम छग महतारी की छायाचित्र पर माल्य अर्पण व पूजन अर्चन कर किया। इस आम सभा में उत्कृष्ट कृषकों को समिति द्वारा श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मान किया। इसके आलावा आम सभा में उपस्थित किसानों ने समिति प्रबंधक राजेश पटेल, वरिष्ट कर्मचारी तेजलाल साहू समेत सभी कर्मचारियों का गुलाल से टीका लगाकर श्रीफल गमच्छा भेंटकर सम्मान कर उत्कृष्ट कर्मचारी का दर्जा दिया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष नैंदराम पांडे, पुरूषोतम पटेल, लोचन पटेल, लता कुम्हार, ईवनलाल कुर्रे, भोजराम चक्रधारी, परमेश्वर पटेल, रूपधर साहू, खिलेश्वर पटेल, देवेन्द्र, प्रभारी राजेश पटेल, तेज लाल साहू, गणेश्वर यादव, नीलकंठ पटेल, कोमल ठाकुर, डालेश्वर पांडे आदि मौजूद रहे।

### नवागांव में स्वच्छता के लिए लिया शपथ

**महासमुंद।** शापूमाशा नवागांव में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साह्‌वर्क भाग लिया। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने कहा कि व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चों एवं शिक्षकों ने स्वच्छ और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। स्वच्छता शपथ शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा दिलाई गई। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ दिनचर्या के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और इसे अपने आदतों में शामिल करने की सलाह दी। संस्था की शिक्षिका किरण दीवान द्वारा बच्चों को भोजन अवकाश के पूर्व हाथ धुलाई के नियम के बारे में बताया। इस अवसर पर शिक्षक अमर साहू, बीहेंद्र कुमार साहू ने भी स्वच्छता के संबंध में अपना विचार रखें। कार्यक्रम में सफाई कर्मी अमृत बाई, रसोइया दयाबाई, हीरा बाई, कुमारी बाई, दयालु सहित शाला के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल जनता पर थोप रही भाजपा सरकार: विनोद

## जनता के पास कोई विकल्प नहीं, एथेनाल मिश्रित पेट्रोल भी महंगे दाम पर बेचा जा रहा, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का है उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से गाड़ियों की माइलेज, इंजन पर पड़ रहा प्रभाव

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार के ग्रीन एनर्जी के नाम पर ई-27 ब्लेंडिंग स्कीम (27 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) अब जनता के लिए बड़ी आफत बन गई है। आम जनता को मिलावटी पेट्रोल देकर अधिक दाम तो वसूला ही जा रहा है, साथ ही यह एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल गाड़ियों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। सरकार ने कहा था कि 27 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से अन्य देशों पर निर्भरता कम होगी तथा आम जनता को सस्ता पेट्रोल मिलने लगेगा। केंद्र सरकार के मंत्री नितिन गड़करी ने यह तक कह दिया था कि एथेनॉल का उपयोग कर हम पेट्रोल का दाम 15 रुपए प्रति लीटर तक पहुंचा देंगे। अब जब 27 प्रतिशत एथेनॉल मिक्स पेट्रोल आम जनता को उपलब्ध कराया जा रहा है तो, 15 रु. प्रति लीटर पेट्रोल ना सही कम से कम पेट्रोल की कीमतों में जो वर्तमान दर 100 रु. प्रति लीटर चल रहा है, उसमें तो 15 रु. की कमी लाई जा सकती है। लेकिन, वह भी नहीं किया गया।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 27 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल जनता को बिना कोई विकल्प दिए थोप रही है। ज़्यादातर गाड़ियां तो इसके लायक भी नहीं हैं, फिर भी ये आम जनता के गले में उतार रहे हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल को ही ले लीजिए आम जनता विगत 11 साल से रोड टैक्स, जीएसटी, टोल, इनकम टैक्स, पेट्रोल पर टैक्स भर रहे हैं। और बदले में मिलावट वाला ईंधन दिया जा रहा है। यूपीए शासन काल के दौरान, यही भाजपा 50 पैसे की बढ़ोतरी पर विरोध करती थी। लेकिन, आज जब रूस से खरीदे जाने वाले कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है। उसके बाद भी पेट्रोल का दाम 100 रु. पर स्थिर है। और भाजपा के लोग इस मुद्दे पर खामोश हैं। यही नहीं, सरकार के गलत नीतियों का विरोध करने पर विरोध प्रदर्शनों को राजनीतिक साज़िशों के तौर पर पेश किया जाता है, और असली चिंताओं को नज़र अंदाज़ कर जनता का ध्यान भटकाया जाता है।



चंद्राकर ने कहा कि विशेषज्ञों के मुताबिक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से गाड़ियों की माइलेज में 25 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा रही है। यही नहीं, यह ईंधन इंजन को अंदर से खोखला कर रहा है, खासकर उन गाड़ियों में जो 2023 से पहले बनी हैं। यानी, उपभोक्ताओं को कीमत में कोई राहत नहीं मिल रही है। उपर से गाड़ियों की मरम्मत का खर्च और बढ़ रहा है। सरकार की इस नीति पर यह सवाल उठता है कि जब एथेनॉल पेट्रोल से सस्ता है, तो कीमतें कम क्यों नहीं हुईं? ये 'ग्रीन एनर्जी' के नाम पर दिनदहाड़े डकैती है। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसका असली फायदा कुछ चुनिंदा शुगर लॉबी को मिल रहा है, जो एथेनॉल सप्लाई कर रही हैं। यानी 'हरित क्रांति' की आड़ में कुछ चुनिंदा लोगों के एथेनॉल कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए जबरदस्ती आम जनता पर इसे थोपा जा रहा है। पेट्रोल की बढ़ी कीमतों पर नजर डालें तो यह भी हो सकता है कि अब तक पेट्रोल और डीजल पर लगभग 18 से 20 प्रतिशत तक जीएसटी लागू था। लेकिन, अब केंद्र सरकार ने जीएसटी स्लैब में संशोधन किया है। जिसके बाद पेट्रोल और डीजल में 4 प्रतिशत की जीएसटी लगने की बात कही जा रही है। यदि ऐसा है तो पेट्रोल और डीजल के दामों में कमी क्यों नहीं की गई।

चंद्राकर ने कहा कि भारत की यूरोप से तुलना की जाए तो अमेरिका में ई-0, ई-10, ई-15 और ई-85 सभी विकल्प उपलब्ध हैं। जिसकी दरें भी अलग-अलग है। उपभोक्ता खुद चुन सकता है कि कौन-सा ईंधन उसकी गाड़ी के लिए ठीक है। यूरोप में भी पेट्रोल पंपों पर स्पष्ट लेबलिंग होती है कि ईंधन में कितना इथेनॉल है। जबकि, भारत में उपभोक्ता को कोई विकल्प नहीं बल्कि मजबूरी का नाम ई-27 है। ये कैसा छल? दरअसल यह सीधा-सीधा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 का उल्लंघन है, जो जानकारी और विकल्प का अधिकार देता है। इस सारे मामले में कहीं न कहीं असली खेल पर्यावरण के नाम ऑटोमोबाइल लॉबी को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। पूर्व संसदीय सचिव ने मांग की है कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर ई-0 (इथेनॉल-फ्री पेट्रोल) उपलब्ध कराया जाए। पंपों पर स्पष्ट लेबलिंग हो कि ईंधन में कितना इथेनॉल मिला है। उपभोक्ताओं को बताया जाए कि उनका वाहन ई-27 के लिए उपयुक्त है या नहीं। सरकार एक राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन कराए कि ई-27 का वाहनों पर क्या असर पड़ा है।

## आयोजन : खल्लारी के प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष

# खल्लारी प्रतिभाओं की भूमि, उनका सम्मान करना अभिनव पहल : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खल्लारी में विशिष्ट व्यक्तित्व सम्मान के तहत सम्मान समारोह 2025 का आयोजन 19 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू थे। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण सहित क्षेत्र भर के सामाजिक, राजनीतिक व्यक्तित्व एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उक्त आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू के नेतृत्व में खल्लारी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के पूर्व सभापति बसंता ठाकुर, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति व कंवर पैंकरा समाज महासभा (केंद्रीय) खल्लारी अध्यक्ष थानसिंग दीवान, बागबाहरा जनपद पंचायत के सभापति भूमिका रामजी लाल सिन्हा, खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार नाग, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खल्लारी के अध्यक्ष नंदकुमार निषाद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के प्राचार्य सविता चंद्राकर, शापूमाशा के प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद, विशेष अतिथि ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू, मरार कसही बाहरा सरपंच संगीता गुणनिधि पटेल, बीकेबाहरा सरपंच खेमराज साहू, भीमखोज सरपंच भेखलाल बघेल, आंवराडबरी सरपंच प्रतिनिधि मुकुंदलाल सिन्हा, ग्राम पंचायत कोमा के पूर्व सरपंच सविता गोस्वामी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के छायाचित्र पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। इससे पहले सभी अतिथियों ने श्रीराम मंदिर में भगवान राम, माता सीता व भगवान लक्ष्मण, हनुमान जी के समक्ष मत्था टेक दर्शन पूजन किया।



### सेवाभावी लोगों का हुआ सम्मान

सम्मान समारोह सामाजिक समरसता को लेकर कार्यक्रम किया गया। जिसमें शिक्षा, चिकित्सा, पुलिस जनसुरक्षा, बेहतर कानून व्यवस्था, कृषि, पर्यावरण, वन सेवा प्रेरक, वन्यजीव संरक्षण, गौ सेवा, धार्मिक, सामाजिक, अध्यात्म, लोककला, सांस्कृतिक गौरव, योगाभ्यास, नशामुक्ति अभियान, ग्रामीण धार्मिक सांस्कृतिक प्रसार, समरसता सेवा, जनसेवक समाज सेवा, लोक सेवा, सहकारिता, कृषक व प्रकृति सेवा, ग्रामीणजन सेवा, नारी सशक्तिकरण, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा, कर्तव्यनिष्ठ विद्युत व्यवस्था सलाह सेवा, आंगनबाड़ी, मितानिन सम्मान, बहुआयामी व्यक्तित्व, स्वास्थ्य जनसेवक, शिक्षा सेवा, शिक्षक समाज सेवा, उन्नत प्रगतिशील कृषक सेवा, जन आस्था सेवा, सामाजिक समरसता आदि जैसे जनहित के अनेक कार्यों में अपने-अपने तमाम व्यवस्था के बाद भी दूसरों के लिए प्रत्येक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से निःस्वार्थ भाव से सेवा देने वाले स्थानीय व क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक जनों में करीब 75 लोगों का ऐतिहासिक सम्मान किया गया है।

सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन अक्षत, गुलाल, बेच, माल्यार्पण अर्पण व पुष्पगुच्छ के साथ हुआ। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू ने कहा कि पूरा खल्लारी क्षेत्र मां की गोद में बसा हुआ है और यहां आकर मुझे मां की ममता का अनुभुति होता है। खल्लारी समरसता की भूमि है और इस क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। ऐसी प्रतिभाओं को सामने लाना और सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक क्षेत्र के व्यक्तिवों को चुनकर-चुनकर खोज निकालना, उनका सम्मान करना एक अभिनव पहल है। ऐसे भागीरथी प्रयास के लिए खल्लारी सामाजिक कार्यकर्ता व उपसरपंच तारेश साहू एवं उनकी टीम को मेरा बधाई व अभिनंदन है। आयोजन को कंवर पैंकरा समाज महासभा खल्लारी केंद्रीय अध्यक्ष थानसिंग दीवान, पूर्व जिला पंचायत सभापति बसंता ठाकुर, बागबाहरा जनपद पंचायत के सभापति भूमिका रामजी लाल सिन्हा, खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार नाग, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खल्लारी के अध्यक्ष नंदकुमार निषाद, ग्राम पंचायत बीकेबाहरा सरपंच खेमराज साहू, आंवराडबरी पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मुकुंद लाल सिन्हा आदि ने भी सम्बोधित किया। वहीं आयोजन का संचालन कंवर पैंकरा समाज महासभा खल्लारी के सांस्कृतिक सचिव निजाम दिवान व अंत में आभार व्यक्त सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने किया। इस दौरान मिल्लूराम साहू, रमेश तिवारी, मोहित चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, जयप्रकाश साहू, गुणनिधि पटेल, मनहरण गुप्ता, सुमन चंद्राकर, अमृता नेताम, अंजना बैरवा, इंद्रकुमार चौहान, माखन यादव, चंद्रेश राजपूत, लोमश पटेल, मनोज साहू, भुनेश्वर सिन्हा, प्रमोद मन्नाडे, देवेंद्र दीवान, बसंत कुमार साहू, नोमेंद्र साहू, मनोज भारद्वाज, विजय साहू, रेखराज ध्रुवंशी, मिलन यदु, युगल किशोर साहू, सौरभ गुप्ता, संजय साहू, गिरवर साहू, बरूण यादव, फूलसिंग यादव, कबीर साहू, पवन पटेल, नोहर साहू, लुनकरण साहू, राहुल अग्रवाल, भवानीदास वैष्णव, चोखेलाल सिन्हा, यादराम पटेल, राजेंद्र सेन, कुबेर यदु, संतराम साहू, गंगुराम साहू, महेश चक्रधारी, भेखलाल पटेल, नीरज वैष्णव, जानकी साहू, जमुना चक्रधारी, चुन्नी साहू, अंगा संहिस, पार्वती ध्रुव, पुन्नी ठाकुर, यासीन खांन, त्रिवेणी चक्रधारी, सरोज साहू, लक्ष्मी पटेल, सोनू यादव, कुंदन साहू समेत ग्रामीणजन व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नवरात्र, दशहरा व दीपावली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

आगामी नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से शनिवार 20 सितम्बर को थाना परिसर बसना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन एसडीओपी ललिता मेहर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी नरेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में हुआ। बैठक में नगर के सर्व समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीओपी मेहर ने कहा कि नवरात्र पर्व आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। यदि कोई भी युवक नशे की हालत में पूजा-अर्चना या धार्मिक आयोजन में बाधा डालने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस प्रशासन त्योहारों में किसी भी प्रकार का व्यवधान बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सहयोग से पर्व मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर वृहद संगोष्ठी आज

**महासमुंद।** क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से स्वाध्याय केंद्र द्वारा 21 सितंबर 2025 को दोपहर 2 बजे एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन स्वाध्याय केंद्र सभागार में किया जा रहा है। जिसके संयोजक मोहन साहू और सह संयोजक माखन पटेल होंगे। इस संगोष्ठी का केंद्रीय विषय ‘महासमुंद क्षेत्र के विकास में औद्योगिक संभावनाएं’ होगी, जिस पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। बता दें कि यह संगोष्ठी महासमुंद के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी, जिसमें उद्योग, रोजगार, कृषि और युवा शक्ति के समन्वय से क्षेत्र के विकास की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस संगोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों के ख्यातिप्राप्त व्यक्तित्व अपने बहुमूल्य अनुभव और दृष्टिकोण साझा करेंगे। मुख्य वक्ताओं की सूची में प्रमुख रूप से उद्योगपति पारस चोपड़ा शामिल हैं, जो अपने औद्योगिक अनुभव से विकास के नए आयाम प्रस्तुत करेंगे। उनके साथ महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा भी उपस्थित रहेंगे, जो क्षेत्र की राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर विकास की चुनौतियों और अवसरों पर प्रकाश डालेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रगतिशील कृषक महेश चंद्राकर कृषि आधारित उद्योगों की संभावनाओं पर अपने विचार रखेंगे। जबकि, वरिष्ठ पत्रकार संजय डफले मीडिया की भूमिका और समाज में जागरूकता बढ़ाने पर अपना पक्ष रखेंगे। युवा प्रतिनिधि गुलाब ठाकुर युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देंगे। स्वाध्याय केंद्र समिति ने नागरिकों, युवा उद्यमियों, किसानों, छात्रों और पत्रकारों को आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

# महाविद्यालय में हुआ दस दिवसीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज के मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के वित्त पोषण में शासकीय खे. ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में 08 अगस्त से 18 अगस्त तक 10 दिवसीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम चरण के छह दिवस बांसकला का स्किल विद्यार्थियों को बांस से बने विभिन्न सजावटी समान पेन होल्डर, मोबाइल होल्डर, बकेट, टी ट्रे, वेस बास्केट, फ्लावर पॉट सिखाया गया। बांसकला के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक घासीराम कमार सोनासिल्ली, बुधराम साहू लखनपुर जिला महासमुंद ने प्रशिक्षण दिया। द्वितीय चरण के चार दिवस कुटीर उद्योग के स्किल जिसमें डिटर्जेंट पाउडर, कैंडल, हर्बल फिनायल, हर्बल डिश लिक्विड, हैंड वाश, हर्बल सोप, टायलेट क्लीनर सिखाया गया। यह स्किल राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक सरोज साहू भखारा जिला धमतरी द्वारा दिया गया। प्रोगाम के दौरान उच्च शिक्षा के अपर संचालक डॉ. दयाशंकर जगत प्राचार्यो के समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण के लिए महाविद्यालय में उपस्थित थे। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए उत्पाद की प्रदर्शनी लगाने के लिए स्टाल अलॉट करने का आश्वासन दिया है। प्रोग्राम को सफल बनाने में पीएम उषा प्रभारी धनुर्जय साहू, पालन कुमार दीवान क्रीड़ाधिकारी एवं छात्र शिवम यादव का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने प्रोग्राम की फोटोग्राफी, वीडियो एडिटिंग में महत्वपूर्ण सहयोग किया। प्रोग्राम के को-ऑर्डिनेटर गजानंद बुडेक रहे।

### छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन विखं महासमुंद का निर्वाचन 27 को

**महासमुंद।** छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन महासमुंद ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक काव्यांश भवन में हुई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव द्वारा अपने तीन साल के कार्य का ब्यौरा संगठन के सदस्यों के बीच सौंपा गया। आगामी ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित तिथि 27 सितंबर को चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित है। ध्रुव ने कहा कि घोषित तिथि में महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष का निर्वाचन कराया जाएगा। निर्वाचन काव्यांश भवन में कराया जाएगा। बैठक में फेडरेशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि फेडरेशन लोकतांत्रिक परम्परा का निर्वहन करता है और इसी कड़ी में तीन वर्ष बाद पुनः संगठन का चुनाव होने जा रहा है। इसमें संगठन के सभी सदस्यों की महती भूमिका होनी चाहिए, सभी आपसी रजामंदी से संगठन का नेतृत्वकर्ता चुने। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि फेडरेशन में पूरी पारदर्शिता के साथ चुनावी प्रकिया सम्पन्न होती है और फेडरेशन अंतिम पंक्ति के सदस्यों को भी संगठन में नेतृत्व करने का अवसर देता है। प्रदेश विधिक सलाहकार बीपी मेश्राम ने कहा कि फेडरेशन की यह खूबसूरती है, जो इसे अन्य संगठनों से पृथक करती है।

# परसुली में लगा तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोमाखान के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत परसुली में क्षेत्रवासियों के लिए शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ भारत माता एवं प्रभु श्रीराम के तैलचित्र पर धूप प्रचलित कर किया गया।

शिविर में पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जनपद सदस्य लोचन पटेल, खरियार रोड के पहल संस्था के संयोजक राकेश जैन, सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्याम केशरवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के मंडल संयोजक भेखलाल (सागर) चंद्राकर, पिलेश्वर पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, खल्लारी मंडल अध्यक्ष लोकेश पनूरिया, महामंत्री लेखमणि पटेल, मंत्री जुगेश पटेल, सरपंच राटापाली पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी, परकोम सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, पंडरीपानी सरपंच लीलाबाई दीवान, परसुली सरपंच जलसिंह चक्रधारी, खट्टी सरपंच प्रतिनिधि यादराम सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि झिटकी नूतन पटेल, सेवाभावी चिकित्सक डॉ.अरुण शुक्ला, सरपंच संघ अध्यक्ष एवन साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पंकज जैन, भाजपा नेता परमेश्वर यादव पंडरीपानी, पुरुषोत्तम पटेल, परमेश्वर पटेल परसुली, लक्ष्मण पटेल, भीमा साहू, गुलशन साहू, देवेंद्र चक्रधारी, सुकेश नागपुरे, डी कुमार चौरे, जगदीश पटेल, कन्हैया नायक, चंदर यादव, विष्णु चक्रधारी, यादराम पटेल, दिनेश यादव, छविलाल पटेल, धनेश साहू, खिलावन यादव, कमलेश तांडे,



विष्णु साहू आदि शामिल हुए। शिविर में 288 लोगों को नेत्र जांच कर 165 लोगों को चश्मा वितरण किया गया। वहीं 82 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिन्हें ऑपरेशन के लिए रायपुर भेजा जाएग। सभी 288 मरीजों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुगर, बीपी, वजन एवं सामान्य जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित दवाइयां प्रदान की। 21 सितंबर को सशिमं कसेकेरा एवं 22 सितंबर को ग्राम पंचायत भवन खैरटकला में शिविर का आयोजन होगा।

# गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी यात्रा का जत्था पहुंचा झलप, किया स्वागत

**झलप।** असम के धुबरी साहिब से प्रारंभ हुई गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी यात्रा का जत्था छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने के बाद शनिवार को झलप पहुंचा। जत्थे का गुरूसिंघ सभा गुरुद्वारा झलप में सिक्ख समाज की महिलाओं और पुरुषों ने फूल-मालाओं व जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया। यात्रा में लोगों को गुरु तेज बहादुर सहित उनके अनुयायी भाई सतीदास, भाई मतिदास और भाई दयाला की शहादत की याद दिलाई जा रही है। पारदर्शी कांच लगे बसों में मुगलों के साथ हुए युद्ध में प्रयोग किए गए शस्त्र रखे हुए थे। यात्रा में शामिल 2 बड़े ट्रेलर, 3 बसों और 20 वाहन में सैकड़ों सेवक साथ में थे। रथों और संगत के स्वागत के लिए सुबह से ही झलप में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। सिख समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा देशभर में 16 प्रमुख ऐतिहासिक गुरुद्वारों से होते हुए आगे बढ़ रही है। इसका उद्देश्य गुरु तेगबहादुर के बलिदान और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। गौरतलब है कि यह शहीदी शताब्दी यात्रा राजधानी रायपुर होते हुए पंजाब तक जाएगी।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दर्रीपाली में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ ग्राम पंचायत चिरको के आश्रित ग्राम दर्रीपाली में किया गया। धरती आबा उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आदि कर्मयोगी सेवा अभियान 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच खेमराज भट्ट द्वारा किया गया है। इस अवसर पर उपसरपंच दुष्यंत ध्रुव, सचिव चिन्तामणि साहू, एएनएम पूनम साहू, आं.बा.कार्यकर्ता गोमती ध्रुव, पंच दुलेश्वर ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव, धनीराम ध्रुव, संतोषी ध्रुव, अहिल्या ध्रुव, ग्राम प्रमुख प्रहलाद ध्रुव, जोइधा साहू, सुकलल ध्रुव, खोमन ध्रुव, मितानिन शारदा ध्रुव, रोजगार सहायक धनश्याम यादव आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रशिक्षण 25 को

**महासमुंद।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार बाढ़ से निपटने के लिए बाढ़ आपदा प्रशिक्षण हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर 23 सितम्बर 2025 को टेबल टॉप एक्सरसाईज तथा 25 सितम्बर को मॉक एक्सरसाईज का काल्पनिक अभ्यास कार्यक्रम ग्राम अछोला समोदा बैराज एवं जिला अस्पताल महासमुंद में किया जाएगा। उक्त आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी महासमुंद जिला के लिए इंसिडेंट कमांडर होंगे। इसी प्रकार सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग के लिए एवं सभी तहसीलदार तहसील के लए इंसिडेंट कमांडर होंगे। 25 सितम्बर को मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम में बाढ़ के समय किए जाने वालो कार्यां का अभ्यास किया जाएगा। जिसके लिए विभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो अपने विभाग अमले को नामजद कार्य सौपेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को विभाग के दायित्वों एवं सुविधाओं के साथ मॉकड्रिल में शामिल होने निर्देशित किया गया है।



### कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष बने कोमल

**महासमुंद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरकोनी में पदस्थ फार्मासिस्ट कोमल साहू को उनकी कर्मचारियों के हित के लिए निरंतर कार्यों को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का उप प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिससे महासमुंद जिले के सभी कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरकोनी के स्टाफ संजय कुमार चंद्राकर नेत्र सहायक अधिकारी, धनीराम पटेल मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, हेमंत ठाकुर स्टाफ नर्स, हेमलता मिस्त्री ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, तापस मिस्त्री सहायक ग्रेड तीन एवं अन्य स्टाफ द्वारा उनका सम्मान किया गया।

**आयोजन:** नवाचारात्मक क्रियाशीलता के समुचित विकास के लिए लगाई प्रदर्शनी

# सेजेस भंवरपुर में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर




स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर द्वारा अध्येताओं में नवाचारात्मक क्रियाशीलता के समुचित विकास के लिए विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अनुसंधानात्मक विचारों के प्रेरणास्त्रोत प्राचार्य टिकेश्वर पटेल ने रिबन काटकर किया। तत्पश्चात उत्कृष्ट विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों द्वारा आकर्षक व जिज्ञासाओं को पल्लवित करने वाले विविध प्रकार के शैक्षणिक व दैनिक जीवन में उपयोगी मॉडलों का प्रदर्शन व विश्लेषण किया गया। उपस्थित शिक्षकों द्वारा बाल वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन व समुचित निर्देशन किया गया।

उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर में वैज्ञानिक, अनुसंधानात्मक, रचनात्मक व क्रियात्मक गतिविधियों का आयोजन अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से संस्था के समर्पित व्याख्याता प्रदीप कुमार बारीक द्वारा अथक परिश्रम कर विद्यार्थियों को नावाचार हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण विज्ञान माडल प्रदर्शनी के आयोजन में अटल लैब इंचार्ज प्रदीप कुमार बारीक और मंजू चंद्रा के साथ-साथ दुर्गा प्रसाद पटेल, सरोज भोई, विनोद चौहान, चंद्रहास साहू, परमेश्वर ओगरे, अंजली सिंह, आकांक्षा मसीह और अनुसुइया पटेल का विशेष सहयोग रहा।

#### कौन से मॉडल प्रदर्शित किए गए?

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, रसायन, वाणिज्य, भूगोल, रोबोटिक्स और स्मार्ट सिटी से संबंधित उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, स्मार्ट डस्टबिन, स्मार्ट सिटी, ब्लाइंड स्टिक, मोबाइल ऑपरेटेड रोबोटिक कार, लेज़र सिक्योरिटी होम, न्यूटन डिस्क, एक्सीडेंट अवॉइडर कार, ऑटोमैटिक रेन सेंसिंग क्लॉथ हैंगर क्लोज़र, ऑटोमैटिक एक्सीडेंट डिटेक्टर, ऑटोमैटिक गैस लीक डिटेक्टर, वायरलेस कार नेविगेशन (ब्लूटूथ द्वारा) दिव्यांगजनों के लिए तथा करंट लीकेज डिटेक्टर ऑन इलेक्ट्रिसिटी पोल जैसे मॉडल दर्शकों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

#### प्रदर्शनी का उद्देश्य

विद्यालय के प्राचार्य टिकेश्वर पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सृजनशीलता ही आने वाले समय में उन्हें शोधकर्ता, वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक बनाएगी। ऐसे आयोजन बच्चों में प्रयोगात्मक शिक्षा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में और भी अधिक विद्यार्थी विज्ञान और तकनीक की दिशा में प्रेरित होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अध्यापन का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों के सृजनात्मक कौशलों का विकास करना है। ताकि, उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर के अध्येतागण भविष्य की समस्त चुनौतियों का सामना सहर्ष कर सकें।

#### उपस्थित रहे शिक्षकगण

प्रदर्शनी में प्रेमकुमार निर्मलकर, नंदकुमार दीवान, श्यामसुंदर साहू, दिनेश कुमार दास, अनंत विजय कदम, दिनेश कुमार बंधु, अनिरुद्ध भोई, हीराराम चौहान, शौकीलाल चौहान, राधा देवांगन, हेमसागर पटेल, मनीलाल पटेल, लक्ष्मी चौहान, लता नायक, ऋतु वास, सुरेंद्र सिंह बंजारे, विनय नायक, मंजू चंद्रा, नवीन सिंह, प्रिया बीसी, चूड़ामणि कन्नौजे, यश सोनी, परमेश्वर ओगरे, भुवनेश्वर तांडी, तुलिमा बसंत, रितु साहू और खिलेश ध्रुव आदि शिक्षकगण तथा समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



### परसुली में 37 बालिकाओं को साइकिल वितरित

**नर्रा।** शासकीय बूढ़ादेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसुली में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमीं के 37 छात्राओं को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम सिँह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जलसिंग चक्रधारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल, दुबेलाल साहू, नितिन जैन अध्यक्ष मंडल कोमाखन, लेखमनी पटेल महामंत्री, लता कुम्हार, किरण यदु, प्रभा परमेश्वर पटेल, लीला बाई दीवान, खिलेश्वरी यादराम, पदुम लाल पटेल, परमेश्वर पटेल, परमेश्वर यादव, देवेंद्र चक्रधारी रहे। मुख्य अतिथि ठाकुर ने कहा कि अब यहां के बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल मिलने से अब पैदल नही आना पड़ेगा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य मुकेश चन्द्र टांडिल्य, शिक्षक गिरिराज ठाकुर, भूपेंद्र साहू, टीकम कंसारी, भोला राम निषाद, शिक्षिका रोशनी ध्रुव, कमलेश्वरी यदु, डेबी कँवर, अंजलि ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन नागेन्द्र दीवान ने किया।

### बलौदा कॉलेज में एवीजीसी पर हुआ वेबिनार

**सरायपाली (ग्रामीण)।** डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के प्राचार्य प्रोफेसर केके तिवारी के मार्गदर्शन तथा दिशा निर्देश में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल तथा एरेना एनीमेशन बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में एनिमेशन विषय पर वेबिनार हुआ। मुख्य वक्ता संदीप गुप्ता एमडी एरेना एनिमेशन द्वारा गूगल मीट के ऑनलाइन प्लेटफार्म में एवीजीसी क्षेत्र में करियर, नौकरियां, अवसर और प्लेसमेंट पर अपना व्याख्यान दिया। एनिमेशन वीएफएक्स गेमिंग कॉमिक्स के अंतर्गत एनीमेशन के इतिहास व प्रकार जैसे स्टॉप मोशन, 2डी, सेल, क्लासिकल, मोशन ग्राफिक्स, 3डी एनीमेशन में मॉडलिंग, टेक्सचरिंग, लाइटिंग रिगिंग, कैमरा ट्रैकिंग को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से आपको एवीजीसी क्षेत्र में रोमांचक करियर के अवसरों को समझने, सफलता के लिए आवश्यक कौशलों को जानने और इस गतिशील उद्योग में अपनी जगह सुरक्षित करने के रास्तों को जानने में सहयोग प्राप्त होगा। कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ गजानंद नायक द्वारा राष्ट्रीय अप्रेंटिसिप ट्रेनिंग स्कीम के बारे में बताया कि इसके माध्यम से प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम 9000 की राशि प्रतिमाह प्रशिक्षण के लिए शासन प्रदान करेगी तथा सभी छात्रों को इसके पोर्टल में पंजीयन के लिए प्रेरित किया। वेबिनार संयोजक सहायक प्राध्यापक रमेश पटेल द्वारा कार्यक्रम को छात्रों के कैरियर के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताते हुए एरेना एनीमेशन का धन्यवाद ज्ञापन किया। वेबीनार के अंत में छात्रगण यशोदा, सोमेश, सागर ने अपने सारे जिज्ञासाओं को प्रश्न पूछकर शांत किया। इस वेबिनार में सहायक प्राध्यापकगण अनिता पटेल, कमला बाई दीवान, जितेंद्र पटेल, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबर्गिया, ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान, आशुतोष मालवीय सहित लगभग 150 छात्र डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़कर लाभान्वित हुए।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए 16 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला हैंडबॉल संघ के 16 खिलाड़ियों का चयन जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता बालक-बालिका 14 वर्ष के लिए किया गया है, जो 21 से 24 सितंबर तक होगा।। चयनित खिलाड़ियों में बालक 14 वर्ष मुदस्सीर खान, अर्हम अली, तन्मय महिलांग, जीशानअली, आर्यन वर्डे, यश साहू, आकिब अली, सक्षम शर्मा, प्रिंस ध्रुव, बालिका वर्ग में इंशा फातिमा, विधि सिंह पुंज, मोहित ठाकुर, चेतना सिदार, महिमा यादव, दीपांशी सभी हैंडबॉल खिलाड़ी कोच सैयद इमरान अली के नेतृत्व में महासमुंद जिला की ओर से रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।




महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष रूपेश महिलांग ने बताया कि रायपुर जोन के हैंडबॉल बालक कोच के रूप में सैयद इमरान अली व्यायाम शिक्षक शासकीय उमावि पीढ़ी एवं मैनेजर आशीष कुशवाहा व्यायाम शिक्षक सांकरा पिथौरा को नियुक्त किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि चयनित सभी हैंडबॉल खिलाड़ियों को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्रदीप चंद्राकर जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी महासमुंद, अध्यक्ष जिला हैंडबॉल महासमुंद ने मिनी स्टेडियम हैंडबॉल ग्राउंड महासमुंद में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर सभी को अपना आशीर्वाद शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए जगदलपुर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विजय लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, नंदकुमार सिन्हा सहायक संचालक शिक्षा विभाग, देवीचंद्र राठी उपाध्यक्ष नपा उपस्थित थे। खिलाड़ियों के चयन पर सतीश नायर सहायक संचालक शिक्षा विभाग, अंजलि बरमल सहायक जिला कीड़ा अधिकारी, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य हेमंत आचार्य, द न्यू होली फेथ विद्यालय की प्राचार्य एवं संचालक महेंद्र जैन, गुड शेफर्ड विद्यालय के संचालक जॉर्ज रावटे एवं अनिता रावटे, देव संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य कुबेर गिरी गोस्वामी, इंग्लिश मीडियम बृजराज विद्यालय के प्रधान पाठक नरेश साहू, स्वामी आत्मानंद विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका अंजनी साहू, गुड शेफर्ड विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका सोनिया बंदे एवं महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ खिलाड़ी राजेश शर्मा, सैयद इरफान अली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, प्रमेश खरे खेल अधिकारी रावतपुरा विवि, कपिल पेंदरिया, टिकेश्वर साहू, मनीष चंद्राकर, वैभव मानिकपुरी, आदित्य चंद्राकर, सोनू सोनी, सागर यादव, प्रशांत विवेक दास, मतिहास दास, कोनन अहमद, सिबतेंन रजा, अंकुर जैन, इंद्राणी भास्कर, अंजू प्रजापति, जगदीश धीवर, कमला मांझी आदि ने हर्ष जताया है।

## बरेकेलकला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन



**झलप।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग मद से पूर्व माध्यामिक विद्यालय बरेकेलकला को अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। जिसमें सरपंच डीगेश्वरी प्रवीण टंडन, उपसरपंच राकेश कुमार टंडन, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण टंडन, प्राचार्य मेघराज महोबिया, पंच प्रतिनिधि नेमीचंद वर्मा, घनश्याम सेन, अमिता चंद्र गुप्त, ममता ताराचंद साहू, सुरेंद्र टंडन आदि उपस्थित थे। पूर्व माध्यामिक विद्यालय के सभी स्टाफ और शाला विकास समिति के सदस्य और अन्य ग्रामीण जन उपस्थिति थे।

### निधन

#### भूमिका शबर



**तेंदूकोना।** तेंदूकोना निवासी श्याम शबर की पत्नी भूमिका शबर (35) का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गई। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम तेंदूकोना के मुक्तिधाम में किया गया।






### विश्वकर्मा जयंती में शामिल हुईं देवकी

**भंवरपुर।** भगवान विश्ववकर्मा जयंती पर ग्राम पंचायत चंदखुरी के आश्रित ग्राम धामनघुटकुरी में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बडी.धूमधाम से मनाया गया।जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया कृषि सभापति जिला पंचायत महासमुंद एवं अध्यक्षता ग्राम प्रमुख चतरु साहू ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में उप सरपंच ब्रजमोहन प्रधान, डा.सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर थे। सभापति देवकी ने मुख्य अतिथि के आसंदी से कहा कि भगवान विश्वकर्मा क्षेत्र के सभी परिवार का कल्याण व सुख शांति सद्भाव प्रदान करें। यह सृष्टि के सबसे बड़े कलाकार हैं। इसलिए प्रथम और सबसे बड़ा इंजीनियर भी कहा जाता है। सोने की लंका, इंद्रप्रस्थ एवं द्वारिका जैसे राजमहलों का निर्माण किया। आज भी उनके वंशज के रुप में हमारे निर्माण श्रमिक एवं राज मिस्त्री बिना थके बिना रुके निर्माण कार्य में तल्लीन है। कार्यक्रम में शंकर लाल मांझी, अर्जुन बाघ, निर्मल प्रधान, भोजराज साहू, रेशम लाल साहू, सत्यानंद बुडेक, ललित प्रधान, ताराचंद पात्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### एबीवीपी एमवीपीजी कॉलेज के नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शासकीय महाप्रभुवलभ स्नाकोत्तर महाविद्यालय की नवीन कार्यकारिणी घोषणा की गई। महासमुंद जिले के जिला संयोजक ललित साहू व महासमुंद नगर के नगर मंत्री लवेश साहू दोनों के नेतृत्व में यह घोषणा की गई। कैंपस अध्यक्ष सोनम चंद्राकर, उपाध्यक्ष नंदकिशोर साहू, संध्या सिन्हा, रितु पटेल, ज्योति, कैंपस मंत्री राजा निषाद, राजा डोंगरे, सह मंत्री जया बघेल, चंद्रशेखर यादव, एसफएस प्रमुख कौशलेंद्र दीवान, राष्ट्रीय कला मंच अंजलि यादव, खेलोभारत प्रमुख आयुष साहू, एनसीसी प्रमुख आयुष निर्मलकर, एनएसएस प्रमुख बबली बेलदार, कैंपस छात्रा प्रमुख सिमरन, कॉलेज कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार सिन्हा, ललिता यादव, गुंजा महंद, विश्व पटेल, टुकेश साहू, आदित्य साहू, सुमित राणा, भूमिका साहू रहे। ललित साहू व लवेश साहू ने बताया कि बीते सालों में एमवीपीजी कॉलेज में अनेक प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ा। जिसको देखते हुए यह घोषणा की गई।

## नेशनल हाइवे पर घायल पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा के लिए पेट्रोलिंग टीम को दिया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर बीएससीपीएल औरंग टोलवे लिमिटेड द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए घायल पशुओं की मदद के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में छुईपाली टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम को पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। घटना प्रबंधक पवन प्रशांत सिंह के अनुसार, इस विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि अगर कभी हाईवे पर किसी बेजुबान जानवर के साथ कभी कोई ऐसी दुर्घटना हो, तो उसकी पीड़ा को कम करने के साथ-साथ उसकी जान भी बचाई जा सके और पेट्रोलिंग टीम भी ऐसी स्तिथि को संभालने में सक्षम हो। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के लिए जाने-माने पशु चिकित्सक डॉ. आरके वर्मा को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान सेफ्टी एक्सपर्ट उमा शंकर, कौशिक रॉय और कंट्रोल रूम एग्जीक्यूटिव नवीन सैनी भी मौजूद थे। डॉ.वर्मा ने टीम के सदस्यों को विस्तार से बताया कि हाईवे पर किसी दुर्घटना या अन्य कारण से घायल हुए पशुओं को तत्काल मदद कैसे पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने सिखाया कि कैसे खून बहने वाले घावों को तुरंत बंद करना है, ताकि रक्तस्त्राव को रोका जा सके। इसके अलावा



उन्होंने घावों को साफ करने और पट्टी करने के सही तरीकों पर भी जोर दिया, जिससे संक्रमण का खतरा कम हो सके। टोल प्लाजा प्रबंधन ने बताया कि उनका यह प्रयास न सिर्फ राजमार्ग को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि जानवरों के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भी पूरा करेगा।




# नर्रा के विश्वकर्मा पूजन में शामिल हुए चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा




ग्राम पंचायत नर्रा में विश्वकर्मा पूजा उत्सव समिति द्वारा आयोजित विश्वकर्मा पूजन में कृषि बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, पूर्व मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन, पूर्व सरपंच चिंतामणी चंद्राकर शामिल हुए। अतिथि देव भवः सभी अतिथि ने सृष्टि के रचायिता देव शिल्फी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चन कर गांव व क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों ने फुल मालाओं व गुलाल से किया गया।

इस अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रकाश अवस्थी नाइट स्टार का आयोजन हुआ। जिसमें नाइट स्टार प्रकाश अवस्थी के कार्यक्रम देखने हजारों दर्शकगण पहुंचे। क्षेत्र के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। साथ में भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान नितिन जैन, पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन, पूर्व सरपंच राजेश त्रिपाठी, लेखमणी पटेल, किरन यदु, उपसरपंच लोकनाथ पटेल, परमेश्वर पटेल मंचासीन रहे। समिति के सदस्यों ने अतिथियों स्वागत फूल मालाओ से किया।

मुख्य अतिथि भीखम ठाकुर ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जन के देवता है। भगवान विश्वकर्मा ने रावण का सोने की लंका का निर्माण किया था।

उमेश जैन ने जर्जर हो गए पूर्व माध्यमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार कराने तथा शासकीय हाईस्कूल हायर सेंकडरी स्कूल के सायकल स्टैंड शेड निर्माण की मांग रखी। इस पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने शासन से राशि स्वीकृति प्रदान कर कराने की घोषणा की। प्रकाश अवस्थी स्टार नाइट कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर किया। आयोजनकर्ता पवन साहू, थनेश दीवान, रघुवीर यादव, लक्की राजपूत, अंकुश दीवान, नरेश पटेल, डिगेश यादव, नान्हू राजपूत, विनय पटेल, गोविंद विश्वकर्मा, राजा दीवान, छम्मेश्वर पटेल आदि मौजूद रहे।




